
epaper हिन्दुस्तान

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे: वायरलेस सिस्टम लगेगा

15/05/2022

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसे होने की सूरत में सुरक्षा व चिकित्सा का रिस्पांस टाइम तीन मिनट और कम होगा। इसके लिए हाईटेक एडवांस्ड वायरलेस सिस्टम लगने जा रहा है। इसके कारण हादसे की जानकारी कंट्रोल रूम से वायरलेस के जरिए पुलिस थाने, एम्बुलेंस, क्रेन व निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक साथ पहुंच जाएगी। इससे अपेक्षाकृत कम समय में आपात सेवाएं हादसे के स्थान पर उपलब्ध हो जाएंगी।

अभी एक्सप्रेसवे पर हादसे होने की सूरत में कंट्रोल रूम से अलग अलग सेवाओं के लिए सूचना अलग अलग भेजी जाती है। इस कारण जरूरी सेवाओं का रिस्पांस टाइम अपेक्षाकृतज्यादा हो जाता है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने अब जीएसएम आधारित 4जी/5जी वाईफाई एंडरायड कम्युनिकेशन आधारित वायरलेस सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। इस पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च आएगा। एक्सप्रेसवे पर यह सिस्टम लागू करने वाला यूपी पहला राज्य होगा।




**खास बातें**

आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट के जरिए वाहनों की रफ्तार पर निगाह रखी जा रही है। बचाव टीमों का बेहतर रिस्पांस सुनिश्चित किया जा रहा है।

**अवनीश अवस्थी,** सीईओ यूपीडा

- **एक्सप्रेस वे ये सिस्टम लगाने वाला यूपी पहला राज्य होगा**

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक नोडल अधिकारी, 3 मुख्य सुरक्षा अधिकारी, 8 सुरक्षा अधिकारी, 16 सहायक सुरक्षा अधिकारी, 192 पूर्व सैनिक व 63 वाहन चालक रखे गए हैं।
- एक्सप्रेसवे पर 8 पेट्रोल पंप बनाए जा रहे हैं। इन्हीं पेट्रोल पंप,फूड प्लाजा, जनसुविधा परिसर में भी एटीएम लगेंगे। इससे लोगों को और अधिक सुविधा मिलेगी।